(68-73) (68)

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी

## परीक्षा समिति की दसवीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक | : | दसवीं |
| स्थान | : | विश्वविद्यालय सभागार ,हल्द्वानी |
| दिनांक | : | 29 जनवरी 2020 |
| समय | : | दोपहर 12:00 बजे |

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

## माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 29 जनवरी 2020 को सम्पन्न परीक्षा समिति की दसवीं बैठक का कार्यवृत्त

### बैठक में निम्न ने प्रतिभाग कियाः–

1. प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी, कुलपति, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – अध्यक्ष
2. प्रोफेसर बी0एम0 कुमार, गोविन्द बल्लभपंत विश्वविद्यालय, पंतनगर – सदस्य
3. प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल, निदेशक, मानविकी उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – सदस्य
4. प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, निदेशक, प्रबंध अध्ययन उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – सदस्य
5. प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे, निदेशक समाज विज्ञान उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – सदस्य
6. डॉ0 सूर्यभान सिंह, सा0प्रा0, राजनिति विज्ञान,उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – सदस्य
7. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, परीक्षा नियंत्रक उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – सदस्य सचिव
8. श्री भरत सिंह, कुलसचिव उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – आमंत्रित सदस्य
9. श्रीमती आभा गर्खाल, वित्त नियंत्रक उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – आमंत्रित सदस्य
10. श्री विमल कुमार मिश्र, उपकुलसचिव उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – आमंत्रित सदस्य
11. डा0 मदन मोहन जोशी, प्रवेश प्रभारी उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी – आमंत्रित सदस्य

सर्वप्रथम परीक्षा नियंत्रक (सदस्य सचिव, परीक्षा समिति) द्वारा कुलपति (अध्यक्ष, परीक्षा समिति ) तथा सभी उपस्थित सदस्यों का परीक्षा समिति की दसवीं बैठक में स्वागत किया गया। परीक्षा नियंत्रक ने विशेषरूप से समिति की बैठक में उपस्थित वाह्य सदस्य प्रोफेसर बी0एम0 कुमार का धन्यवाद किया।

तदुपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा संबंधित प्रस्तावों पर विचार हेतु सदस्यों को आमंत्रित किया जिस पर बैठक में प्रस्ताववार चर्चा की गयी तथा निम्न संस्तुति प्रदान की गई :

**प्रस्ताव–10.2 नौवीं बैठक दिनांक 21 फरवरी 2019 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

परीक्षा समिति की नौवीं बैठक दिनांक 21 फरवरी 2019 के कार्यवृत्त का परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया।

**प्रस्ताव– 10.3 परीक्षा समिति की नौवीं बैठक दिनांक 21 फरवरी 2019 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही**

परीक्षा समिति की नौवीं बैठक दिनांक 21 फरवरी 2019 के निर्णयों की कृत कार्यवाही की जानकारी परीक्षा नियंत्रक द्वारा समिति को विस्तृत रूप में दी गई जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।



परीक्षा नियन्त्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव –10.4 स्कूटनी आवेदन हेतु अन्तिम परीक्षाफल घोषणा की तिथि से केवल एक माह के भीतर आवेदन करने के संबंध में।**

प्रस्ताव पर विचारोपरांत विश्वविद्यालय की परीक्षाओं का अन्तिम परीक्षाफल जिस दिन घोषित किया जायेगा उस दिन परीक्षा नियंत्रक द्वारा वि0वि0 वैबसाइट में अन्तिम परीक्षाफल घोषणा की सूचना उपलब्ध कराई जायेगी। अन्तिम परीक्षाफल घोषणा की तिथि/सूचना से केवल एक माह के भीतर रू0 200/– प्रति प्रश्नपत्र की दर से शुल्क जमा कर निम्नानुसार परीक्षार्थी स्कूटनी सुविधा हेतु आवेदन करने पर संस्तुति प्रदान की गई।

1. स्नातक स्तर (स्नातक,डिप्लोमा व प्रमाणपत्र) पाठ्यक्रमों में केवल किसी भी तीन प्रश्नपत्रों में ।
2. स्नातकोत्तर स्तर (स्नातकोत्तर एवं पी0जी0 डिप्लोमा) पाठ्यक्रमों में केवल किसी भी दो प्रश्नपत्रों में ।

यह नियम वर्तमान में जारी परीक्षाओं से ही लागू करने की संस्तुति की गयी।

**प्रस्ताव –10.5**

**विश्वविद्यालय की परीक्षाओं आयोजन हेतु चतुर्थ श्रेणी (बहुउद्देशीय कार्मिक) (MTS) के निर्धारित तैनाती मानकों में संशोधन किया जाना**

परीक्षा केन्द्रों पर 100 परीक्षार्थियों तक 03 न्यूनतम चतुर्थ श्रेणी (बहुउद्देशीय कार्मिक) (MTS) इसके उपरांत प्रत्येक 200 परीक्षार्थियों की संख्या पर एक अतिरिक्त कार्मिक तैनाती की संस्तुति की गयी।

| | |
|---|---|
| 0 से 100 तक | 03 न्यूनतम |
| 100 से 300 तक | 4 |
| 301 से 500 तक | 5 |
| **इसके उपरांत नियमानुसार** | |

विश्वविद्यालय की आगामी परीक्षाओं से परीक्षा केन्द्रों में चतुर्थ श्रेणी बहुउद्देशीय कार्मिकों (MTS) की तैनाती उक्त मानकानुसार किये जाने हेतु समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।



परीक्षा नियन्त्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**स्ताव –10.6 परीक्षा शुल्क (रू0 150) में संशोधन किये जाने हेतु ।**

विश्वविद्यालय की मुख्य,बैक व सुधार परीक्षाओं की लिखित परीक्षा शुल्क में निम्नानुसार वृद्धि किये जाने व संबंधित नियम सत्र 2020–21 से होने वाली प्रवेश, सुधार व बैक परीक्षा आवेदनों से लागू किये जाने पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई ।

| क0स0 | पाठ्यक्रम स्तर | पूर्व निर्धारित मुख्य परीक्षा शुल्क प्रति प्रश्नपत्र | पूर्व निर्धारित बैक व सुधार परीक्षा शुल्क प्रति प्रश्नपत्र | समिति द्वारा मुख्य, बैक व सुधार परीक्षा शुल्क प्रति प्रश्नपत्र हेतु संस्तुति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्नातक स्तर (स्नातक, डिप्लोमा व प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम) | रू0 150 | रू0 200 | रू0 200 |
| 2. | स्नातकोत्तर स्तर (स्नातकोत्तर एवं पी0जी0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम) | रू0 150 | रू0 200 | रू0 250 |

इन दरों की प्रत्येक तीन वर्ष बाद समीक्षा करने की भी संस्तुति की गयी।

**प्रस्ताव –10.7 विश्वविद्यालय वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2018–19 दिसम्बर 2018 एवं जून 2019 के परीक्षाफल घोषणा के संबंध में।**

परीक्षाफल घोषणा से अवगत होते हुए समिति के समस्त सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**प्रस्ताव –10.8 नकल प्रकरण (UFM) जून–2019 एवं शिकायती प्रकरण ( Grievances Committee) दिसम्बर 2018 व जून 2019 के कार्यवृत्त पर अनुमोदन**

समिति द्वारा नकल प्रकरण व शिकायती प्रकरण के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**प्रस्ताव –10.9 शिकायती प्रकरण (Grievances Committee) हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में।**

उत्तरपुस्तिकाओं में प्राप्तांकों से सतुष्ट न होने पर परीक्षार्थियों द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं में लिखे गये उत्तरों की पुनःजांच/परीक्षण हेतु प्रमाण/साक्ष्य सहित विवरण प्रेषित किये जाते है जो शिकायती प्रकरण (Grievances Committee) समिति में प्रस्तुत किये जाते है। प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए प्रस्तावानुसार कार्यवाही करने पर संस्तुति प्रदान की गई ।

परीक्षा नियन्त्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव –10.10 परीक्षा कार्य हेतु जो मानदेय के नाम से दिया जाता है उसे प्रोत्साहन राशि नाम दिया जाना।**

परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु रू0 500/– की राशि मानदेय के रूप में कार्मिकों को दी जाती है उसे प्रोत्साहन राशि के नाम से दिये जाने पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव –10.11 जून 2020 की परीक्षा हेतु जारी की गई परीक्षा केन्द्रों की सूची अवलोकन व अन्य प्राप्त परीक्षा केन्द्र आवेदनों के संबंध में।**

जून 2020 की जारी परीक्षा केन्द्रों की पुष्टि करते हुए समिति द्वारा नये केन्द्रों में परीक्षा केन्द्र बनाये जाने हेतु निम्न संस्तुति प्रदान की गई।

| क्र0स0 | अध्ययन केन्द्र कोड | महाविद्यालय का नाम | पंजीकृत संख्या | समिति द्वारा प्रदान की गई संस्तुति |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | 17067 | राजकीय महाविद्यालय, स्यालदे | **47** | परीक्षा केन्द्र बनाया जाता है। |
| **2.** | 16120 | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर | **578** | |
| **3.** | 16071 | राजकीय महाविद्यालय, कोटाबाग | **63** | |
| **4.** | 12079 | हरिओम सरस्वती महाविद्यालय, हरिद्वार | **404** | उक्त केन्द्र के परीक्षा कक्षों पर CCTV कैमरा लगे होने की स्थिति में ही परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। |
| **5.** | 17065 | राजकीय महाविद्यालय, भतरौंजखान | **22** | परीक्षार्थी संख्या बहुत कम होने के कारण परीक्षा केन्द्र नही बनाया जाता है। |

समिति ने निर्णय लिया कि सुदूर केन्द्रों में परीक्षार्थी संख्या 100 एवं दुर्गम केन्द्रों पर परीक्षार्थी संख्या 50 होने पर ही विश्वविद्यालय का परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। यदि किसी स्थान पर निजी कॉलेजों व राजकीय इण्टर कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाया जाना होगा तो उससे पूर्व कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रकरण प्रस्तुत करते हुए महोदय की अनुमति उपरांत ही परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

(73)

**प्रस्ताव –10.12 विश्वविद्यालय की मुख्य/सेमस्टर परीक्षाएं जो वस्तुनिष्ठ प्रश्न में संचालित होती है के प्रश्नपत्र निर्माता को रू0 40/– प्रतिप्रश्न की दर से भुगतान किये जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय की जो परीक्षाएं वस्तुनिष्ठ प्रश्न में सम्पादित होती है उसके प्रश्नपत्र निर्माता को सत्र 2019–20 से निम्नानुसार भुगतान किये जाने पर संस्तुति प्रदान की गई ।

प्रश्नपत्र एक भाषा पर निर्मित (MONOLINGUAL) होने पर रू0 30/– प्रति प्रश्न और दो भाषा पर निर्मित (BILINGUAL) होने पर रू0 40/– प्रति प्रश्न की दर से प्रश्नपत्र निर्माता को पारिश्रमिक दिया जायेगा।

यदि प्रश्नपत्र में कोई प्रश्न पूरा गलत या पाठ्यसामाग्री से बाहर होता है तो इस स्थिति में जिस परीक्षक के द्वारा मोडरेशन कार्य किया जायेगा उसके भुगतान से प्रतिप्रश्न की दर से कटौती किये जाने पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव –10.13**

**Manual of Examination Automation System**

Manual of Examination Automation System समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।

**अन्य बिन्दु–**

**अध्यक्ष जी की अनुमति से निम्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी –**

1. वित्त समिति की नौंवी बैठक के मद सं0 9:11 के बिन्दु (घ) में मोडरेशन कार्य हेतु वाह्य व आन्तरिक परीक्षकों को रू0 300/– प्रति प्रश्नपत्र की दर से जो राशि अनुमन्य की गई है उसी के कम में मोडेरशेन के कार्य का भुगतान वाह्य/आन्तरिक परीक्षकों को किया जायेगा।
2. प्रश्नपत्रों के मोडरेशन कार्य हेतु नियम निर्धारित किये जायेंगे।
3. समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय के आर्दश अध्ययन केन्द्र (अध्ययन केन्द्र कोड 16000) के पंजीकृत विद्यार्थियों के सत्रीय कार्य मूल्यांकन व पारिश्रमिक के भुगतान हेतु संबंधित अध्ययन केन्द्र के समन्वयक द्वारा प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही किये जाने हेतु संबंधित अध्ययन केन्द्र को सूचना प्रेषित की जाए।

बैठक के अन्त में सभी सदस्यों का सचिव, परीक्षा नियंत्रक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का समापन किया गया।

सदस्य सचिव
परीक्षा समिति

परीक्षा नियन्त्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

अध्यक्ष,
परीक्षा समिति

7/1/2020